पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

## UPITS–2026 में हुनर, नवाचार और रोजगार की संभावनाओं का संगम बनेगा UPSDM का स्किल पवेलियन

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल करेंगे 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चौलेंज' पोर्टल का शुभारंभ

## 16 कौशलों के लाइव प्रदर्शन के साथ आगंतुकों को मिलेगा हुनर को स्वयं करके सीखने का अवसर

## पिछले वर्ष की तुलना में 80 प्रतिशत बड़ा होगा UPSDM का पवेलियन

## पहली बार 'स्किल मंच', DIY गतिविधियां और B2B संवाद होंगे प्रमुख आकर्षण

लखनऊः 24 सितम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश के युवाओं के कौशल, प्रतिभा और हुनर को देश–दुनिया के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) इस वर्ष UP International Trade Show–2026 में अपने पवेलियन को और अधिक व्यापक एवं इंटरैक्टिव स्वरूप में प्रस्तुत करेगा। 25 से 29 सितम्बर, 2026 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले UPITS–2026 में UPSDM का पवेलियन आगंतुकों को प्रदेश के पारंपरिक कौशलों के साथ आधुनिक एवं उभरते कौशलों की जानकारी देने के साथ ही उन्हें स्वयं गतिविधियों में भाग लेकर कौशल को समझने का अवसर भी प्रदान करेगा।

इस वर्ष UPSDM के पवेलियन में 16 कौशल स्टॉल लगाए जा रहे हैं, जबकि पिछले वर्ष 10 कौशल स्टॉल थे। इस प्रकार इस बार पारंपरिक कारीगरी के साथ–साथ नए एवं उभरते कौशलों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। पवेलियन में विभिन्न कौशलों के लाइव डेमो होंगे, जिससे आगंतुक कौशल की बारीकियों और उससे जुड़ी कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देख सकेंगे।

UPSDM के पवेलियन का आकार भी इस वर्ष उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया गया है। पिछले वर्ष जहां पवेलियन के लिए 200 वर्ग मीटर स्थान उपलब्ध था, वहीं इस वर्ष 360 वर्ग मीटर का स्थान मिला है। यह पवेलियन हॉल नंबर–7, ग्राउंड फ्लोर पर स्थापित किया जाएगा। बड़े क्षेत्रफल और बेहतर स्थान के माध्यम से आगंतुकों को कौशल आधारित गतिविधियों को करीब से देखने और उनमें सहभागिता करने का अवसर मिलेगा।

इस वर्ष UPSDM पवेलियन में इंटरैक्टिव DIY गतिविधियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। अधिकांश स्टॉल पर आगंतुक केवल कौशल का प्रदर्शन देखने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि स्वयं गतिविधियों में हिस्सा लेकर संबंधित कौशल की बारीकियों को समझ सकेंगे। इसके साथ ही विभिन्न कौशलों के लाइव प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षण एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी भी दी जाएगी।

UPSDM पवेलियन में इस वर्ष पहली बार 'स्किल मंच' की शुरुआत की जा रही है। इस मंच पर शिक्षाविद, कौशल विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि और सॉफ्ट स्किल कम्युनिकेटर अपने

अनुभव एवं व्यावहारिक जानकारी साझा करेंगे। इसका उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, करियर निर्माण और रोजगार की बदलती संभावनाओं से जोड़ना है।

पवेलियन में उद्योगों और शिक्षण संस्थानों के साथ B2B गतिविधियों को भी स्थान दिया गया है। इसके माध्यम से कौशल विकास से जुड़े विभिन्न हितधारकों के बीच संवाद, सहयोग और संभावित साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की जाएगी।

UPSDM से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने–अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ चुके प्रशिक्षित युवा उद्यमी भी पवेलियन का हिस्सा होंगे। उनके अनुभव, सफर और उपलब्धियों को प्रदर्शित कर यह बताया जाएगा कि कौशल विकास केवल प्रशिक्षण प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के अवसरों का मजबूत आधार भी बन सकता है।

UP International Trade Show–2026 के अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल UPSDM पवेलियन के साथ 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चौलेंज' पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। इस चौलेंज के माध्यम से युवाओं, विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स, प्रोफेशनल्स और इनोवेटर्स को नए समाधान एवं नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि इस वर्ष UPSDM पवेलियन में 16 कौशल स्टॉल, DIY गतिविधियां, लाइव डेमो, 'स्किल मंच', B2B संवाद, प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को एक साथ जोड़ा गया है। इससे आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के कौशल और प्रतिभा की विविधता को देखने, समझने और अनुभव करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पवेलियन का उद्देश्य कौशल को केवल प्रदर्शित करना नहीं, बल्कि उसे अनुभव, संवाद और नवाचार से जोड़ना है।

---

**सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे**

राघवेन्द्र / 06:50 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in